# एकेटीयूः स्टार्टअप में 20 करोड़ निवेश की घोषणा

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** एकेटीयू के इनोवेशन हब फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को यूपी स्टार्टअप संवाद-3.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक स्टार्टअप्स ने अपने नवाचार और उत्पाद निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत किए। 30 से अधिक निवेशकों ने प्रतिभाग किया और चुनिंदा स्टार्टअप्स में 20 करोड़ रुपये से अधिक निवेश की इच्छा जताई।

राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने स्टार्टअप एक्सपो का अवलोकन किया। राज्यपाल ने कहा कि स्टार्टअप का उद्देश्य केवल फंडिंग हासिल करना नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं का प्रभावी समाधान प्रस्तुत करना और रोजगार के नए अवसर पैदा करना होना चाहिए। राज्यपाल ने कलाम पेटेंट सेंटर का लोकार्पण किया। अटल इनोवेशन मिशन के निदेशक डॉ. दीपक बागला ने कहा कि देशभर में 10 लाख से अधिक अटल लैब स्थापित की जा चुकी हैं।




राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को एकेटीयू में स्टार्टअप एक्सपो का अवलोकन किया।

## इन्क्युबेटर एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किए गए

एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लगातार नई पहल कर रहा है। इनोवेशन फॉर सोशल गुड एंड बेटर भारत पहल का शुभारंभ किया गया। इस दौरान इन्वेस्ट सीएसआर बॉक्स, सांची कनेक्ट, टैली सॉल्यूशन और रैपिडर क्लाउड सॉल्यूशन के साथ एमओयू किए गए। वहीं एकेटीयू इन्क्युबेटर अवार्ड-2026 और इन्क्युबेटर एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किए गए।